# 19 राजस्थान के आभूषण

1. राजस्थान में स्त्रियों के शरीर के कौनसे अंग पर 'गोफण' आभूषण पहना जाता है?
(1) गला (2) सिर
(3) नाक (4) कान (2)
व्याख्या– गोफण स्त्रियों के बालों की वेणी में गुंथा जाता है।

2. स्त्री के बालों की वेणी में गूंथा जाने वाला आभूषण है?
(1) चंपाकली (2) गोफण
(3) सुरलिया (4) चूड़ारत्न (2)

3. 'मादलिया' पहना जाता है?
(1) भुजाओं पर (2) ललाट पर
(3) गले पर (4) कलाई पर (3)

4. 'फोलरी' नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) गले में (2) पैर की अँगुली में
(3) बाजू में (4) हाथ की अँगुली में (2)
व्याख्या– फोलरी पैर की अंगूलियों में पहनने की एक अंगूठी है, जो चाँदी के तारों से फूल के आकार में बनी होती है।

5. निम्न में कौनसा सुमेलित नहीं है?
(1) सिर – मेमंद
(2) गला – हंसली
(3) कमर – तिमणिया
(4) पैर – रिमझोल (3)
व्याख्या– तिमणिया गले का आभूषण है।

6. निम्न में से कौन सा पुरुषों का आभूषण है?
(1) छैलकड़ी (2) नेवरी
(3) पोत (4) सरी (1)
व्याख्या– छैलकड़ी पुरुषों के कान का आभुषण है।

7. 'सुरलिया' एक आभूषण है जिसे पहना जाता है?
(1) दाँत में (2) कान में
(3) नाक में (4) पाँव में (2)

8. पीपलपन्ना है?
(1) स्त्रियों के सिर का आभूषण
(2) स्त्रियों के कान का आभूषण
(3) स्त्रियों के गले का आभूषण
(4) स्त्रियों के कमर का आभूषण (2)

9. 'गोखरू' नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) कलाई (2) गला
(3) अंगुली (4) बाजू (1)
व्याख्या– गोखरू– सोने से बना छोटे-छोटे तिकोने दानेनुमा गोलाकार आभूषण, जो कलाई पर चूड़ियों के मध्य पहना जाता है।

10. मुरकियाँ आभूषण है?
(1) कानों का (2) पैरों का
(3) नाक का (4) गले का (1)

11. अंगोट्या आभूषण मानव शरीर के किस भाग पर पहना जाता है?
(1) कमर (2) नाक (3) कान (4) गला (3)

12. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (आभूषण-अंग) सही सुमेलित नहीं है।

| आभूषण | | अंग |
|---|---|---|
| (1) मेमंद | – | सिर |
| (2) सुरलिया | – | कान |
| (3) कंठी | – | गला |
| (4) मूंदड़ी | – | कलाई |

(4)
व्याख्या– मूंदड़ी हाथ की अंगुली में पहना जाने वाला सर्वाधिक प्रसिद्ध आभूषण है।

13. 'बल्लया' आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) गले में (2) हाथों में (3) नाक (4) कान (2)
व्याख्या– हाथी दाँत या रबर की बनी चूड़ियों को 'बल्लया' कहा जाता है।

14. टॉप्स आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) कान (2) नाक
(3) गला (4) दाँत (1)

15. पाटला आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) हाथ की अंगुलियां (2) कमर
(3) कलाई (4) पैर की अंगुलियाँ (3)
व्याख्या– पाटला चूड़ी से थोड़ा चौड़े आकार का कलाई का आभूषण है। विधवा महिलाओं द्वारा चाँदी से बना कलाई का पाटलेनुमा आभूषण 'बाहिवो' कहलाता है।

16. रखड़ी नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) कान (2) सिर
(3) कलाई (4) हाथ (2)

17. कौनसा आभूषण कान में पहना जाता है?
(1) फुन्दा (2) लटकन
(3) तुलसी (4) उतरणी (2)

18. चौंप नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) दाँत (2) कलाई
(3) नाक (4) पैर (3)

19. लाख से निर्मित चूड़ियाँ कहलाती है?
(1) पाटला (2) मोकड़ी
(3) बंगड़ी (4) मूँठ्या (2)

20. हमेल, चौकी नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) अंगुली (2) गला
(3) कलाई (4) सिर (2)

21. सटका, कंदोरा नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) कमर (2) हाथ
(3) पैर (4) गला (1)

22. फूँदा नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है?
(1) कलाई (2) पैर
(3) सिर (4) हाथ (1)
व्याख्या– फूँदा चूड़ी या कड़े पर शृंगार के लिए बांधे जाने वाला आभूषण है।

DP Dhindhwal Publication Learn Read and Achieve

23. आँवला नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) हाथ (2) पैर
(3) कान (4) नाक (2)

24. कौनसा आभूषण साफे पर लगाया जाता है?
(1) छैलकड़ी (2) कलंगी
(3) फोलरी (4) सटका (2)

25. पैंजनिया नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) गले में (2) पैरों में
(3) कानों में (4) हाथों में (2)

26. पायलनुमा आभूषण जो रूणझुण की आवाज करता है?
(1) आंवला (2) झांझर
(3) लछने (4) पैंजनिया (2)

27. 'चुन्नी' नामक आभूषण पहना जाता है?
(1) सिर (2) कान
(3) नाक (4) गला (3)

28. राजस्थान में स्त्रियों के शरीर के कौनसे अंग पर तिमणियां आभूषण पहना जाता है?
(1) कलाई (2) गला
(3) कमर (4) सिर (2)


29. आभूषण जो सिर पर नहीं पहना जाता?
(1) मेमंद (2) बोर
(3) रखड़ी (4) कंदोरा (4)


व्याख्या– कंदोरा कमर में पहने जाने वाला सोने चांदी की झूलती श्रृंखलाओं से बना एक पट्टिकानुमा आभूषण है।


30. राजस्थान में महिलाओं द्वारा अंगुली में पहना जाने वाला आभूषण कौनसा है?
(1) हालरो (2) नेवरी
(3) तुलसी (4) दामना (4)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।